बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

निवेशक संबंध विभाग
प्रधान कार्यालय :
स्टार हाउस, सी-5,"G" ब्लॉक
8वी मंजिल,
बांद्रा कुर्ला संकुल,
बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
दूरध्वनि : (022)- 6668 4490
फेक्स : (022)- 6668 4491
इमेल: headoffice.share@bankofindia.co.in

INVESTOR RELATIONS CELL
HEAD OFFICE :
Star House, C-5, "G" Block
8th Floor (East Wing),
Bandra- Kurla Complex,
Bandra (East)
Mumbai – 400 051
Phone : (022)- 6668 4490
Fax : (022)- 6668 4491
E-Mail : headoffice.share@bankofindia.co.in

संदर्भ क्र. Ref. No.: HO:IRC:SD:2020-21: 176 दिनांक Date: 22-09-2020

Script Code: BANKINDIA	Script Code: 532149
The Vice President – Listing Department, National Stock Exchange of India Ltd., Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai 400 051.	The Vice-President – Listing Department, BSE Ltd., 25, P.J. Towers, Dalal Street, Mumbai 400 001.

Dear Sir/Madam,

Re: **Extraordinary General Meeting – Election of Directors**

This is further to our earlier communication dated 03.09.2020 on the subject.

2. We are attaching a copy of Notice of the Extra Ordinary General Meeting scheduled to be held on **Thursday, 22nd October, 2020** at **11.00 a.m.** through Video Conference ('VC') / Other Audio-Visual Means (OAVM) to transact the following business. The Head Office of the Bank shall be the deemed venue of the meeting.

- **Election of one director from amongst the Shareholders of the Bank other than the Central Government.**

3. We request you to get the same uploaded on your website.

धन्यवाद Thanking you,

भवदीय Yours faithfully,

बैंक ऑफ इंडिया BANK OF INDIA प्र.का. H.O. निवेशक संबंध कक्ष Investor Relations Cell

(राजीव भाटिया **Rajeev Bhatia)**
कंपनी सचिव **Company Secretary**

Encl: Copy of the Notice.

N:\EGM Election 2020\NSEBSENoticeegm.docx

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India

असाधारण आम बैठक

गुरुवार, 22 अक्तूबर, 2020, प्रातः 11.00 बजे से

वीडियो कांफ्रेंस (वीसी) एवं
अन्य ओडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) से

Extraordinary General Meeting

Thursday, 22nd October, 2020 at 11.00 A.M.

Through Video Conference (VC) and
other Audio Visual Modes (OAVM)

प्रधान कार्यालय:
स्टार हाउस, सी-5, 'जी' ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई - 400 051

बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमापूँजी

HEAD OFFICE:
STAR HOUSE, C-5, 'G' BLOCK
BANDRA KURLA COMPLEX,
BANDRA (EAST),
MUMBAI - 400 051

Bank of India

Relationship beyond banking

विषय	पृष्ठ संख्या	Contents	Page No.
नोटिस	03	Notice	22
व्याख्यात्मक विवरण	04	Explanatory Statement	23
प्रासंगिक अधिनियमों तथा विनियमों का अंश	10	Extract of Relevant Acts and Regulations	29
ई-वोटिंग के अनुदेश	20	Instruction of E-Voting	39
नामांकन फार्म	41	Nomination Form	42
घोषणा फॉर्म	43	Declaration Form	45
प्रस्तावित निदेशक (उम्मीदवार) द्वारा व्यक्तिगत जानकारी की घोषणा तथा वचनबद्धता	47	Declaration of Personal Information and Undertaking by the proposed director (candidate)	51

कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण तारीख	Important Calander of Events	
चुनाव में सहभागिता हेतु पात्र शेयरधारकों के निर्धारण के लिए कट ऑफ/निर्धारित तारीख	Cut-off / Specified date for ascertaining the shareholders entitled to participate in the Election	शुक्रवार, 18 सितम्बर, 2020 Friday, 18th September 2020
नामांकन फार्म जमा करने के लिए अंतिम तारीख	Last Date of Submission of Nomination Forms	गुरुवार, 8 अक्टूबर, 2020 Thursday 8th October 2020
नामांकन की जाँच	Scrutiny of Nominations	शुक्रवार, 9 अक्टूबर, 2020 Friday, 9th October, 2020
ई वोटिंग के लिए प्राधिकृत प्रतिनिधियों को नियुक्त करने के लिए संकल्प को प्राप्त करने हेतु अंतिम तारीख	Last date for Receipt of Resolutions appointing Authorised Representatives for E-Voting	शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020 Saturday, 17th October 2020
सीडीएसएल की ई-वोटिंग तारीख	E-voting Dates on CDSL	सोमवार, 19 अक्टूबर, 2020 से बुधवार, 21 अक्टूबर, 2020 Monday, 19th October 2020 to Wednesday, 21st October 2020
वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) तथा अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) से असाधारण आम बैठक की तारीख तथा समय	Date and Time of Extra Ordinary General Meeting through Video Conference(VC) and other Audio Visual Means(OAVM)	गुरुवार, 22 अक्टूबर, 2020 प्रातः 11.00 बजे Thursday, 22nd October 2020 at 11.00 A.M.
असाधारण आम बैठक के वेन्यू का मानित (डीम्ड) स्थान	Deemed Venue of the Extraordinary General Meeting Venue	बैंक ऑफ़ इंडिया, प्रधान कार्यालय, स्टार हाउस, सी-5, 'जी'-ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051 Bank of India, Head Office, Star House, C-5, 'G'-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai-400 051

सूचना

एतद्-द्वारा सूचना दी जाती है कि **बैंक ऑफ़ इंडिया** के शेयरधारकों की असाधारण आम बैठक **गुरुवार, 22 अक्टूबर, 2020** को प्रातः **11.00 बजे,** वीडियो कॉन्फ्रेंस ('वी.सी.')/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) से, निम्नलिखित कार्य को पूरा करने के लिए आयोजित की जाएगी :

विशेष कारोबार

मद सं. 1

बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (इसके बाद इसे 'अधिनियम' के रूप में संदर्भित किया गया है) की धारा 9(3)(i) तथा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 (इसके बाद इसे 'योजना' के रूप में संदर्भित किया है) और उक्त अधिनियम की धारा 19 के अनुसार बनाये गए, बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 2007 (इसके बाद इसे 'विनियम' के रूप में संदर्भित किया गया है) और भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना संख्या आरबीआई/डीबीआर/2019-20/71, मास्टर दिशा-निर्देश डीबीआर/एपीपीटी संख्याः 9/29. 67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 (इसके बाद इसे ''भारतीय रिज़र्व बैंक अधिसूचना'' संदर्भित किया गया है) तथा 25 मार्च, 2015 व 20 जुलाई, 2016 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर अधिकारिक निदेशकों के रूप में विचार करने के लिए सरकार द्वारा प्रतिपादित मानदण्डों के साथ पठित भारत सरकार की दिनांक 3 सितंबर, 2013 की अधिसूचना संख्या एफ.सं. 16/83/2013-बीओ.आई. तथा इसके अंतर्गत किये गये किसी संशोधन (इसके बाद इसे ''भारतसरकार के दिशानिर्देश'' संदर्भित किया जायेगा) की शर्तों के अनुसार, निम्नलिखित संकल्प को पारित करने के माध्यम से, बैंक के शेयरधारकों के बीच से (केन्द्र सरकार से भिन्न) एक निदेशक के चयन हेतुः-

''**संकल्प पारित किया जाता है** कि अधिनियम की धारा 9(3)(i), जिसे संबंधित योजना के साथ पढ़ा जाता है, उसके अंतर्गत बनाए गए विनियम और भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना एवं भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसरण में केंद्र सरकार के अतिरिक्त, शेयरधारकों में से चुने गए एक निदेशक को 25 अक्टूबर, 2020 से निदेशक के रूप में पदग्रहण करने और ऐसा पदग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने तक पदधारण करने के लिए एतद्-द्वारा नियुक्त किया जाता है।''

निदेशक बोर्ड के आदेश से

हस्ता/-

स्थान : मुंबई
दिनांक : 18 सितम्बर, 2020

(ए. के. दास)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

टिप्पणियां :

- कोविड-19 महामारी के कारण, असाधारण आम बैठक के इस नोटिस के जारी होने के समय, लोगों के इकट्ठा होने पर लॉडाउन प्रतिबंध लागू है। लॉकडाउन के पूरी तरह हटने या लोगों के इकट्ठा होने के प्रतिबंध के हटने पर, बैंक वीसी के माध्यम से आयोजन करने के अतिरिक्त, प्रधान कार्यालय के परिसर, ऑडिटोरियम में ईजीएम के आयोजन पर विचार कर सकता है जहां हितधारक इसमें शामिल हो सकते हैं। बैंक बैठक के आयोजन के माध्यम में होने वाले परिवर्तन से हितधारकों को स्टॉक एक्सचेंजों, समाचार पत्रों में नोटिस के प्रकाशन एवं बैंक की वेबसाइट पर इसकी सूचना देते हुए अवगत कराएगा।

- **व्याख्यात्मक विवरणः**

  बैठक की कार्यवाही के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्यों का विवरण इसके साथ संलग्न है।

- **वोट देने का अधिकार:**

  बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उपधारा (2ई) के प्रावधानों के अनुसार, केन्द्र सरकार के अतिरिक्त, संबंधित नए बैंक का कोई भी शेयरधारक, अपने पास रखे हुए बैंक के किसी भी शेयर के संबंध में, **सभी शेयरधारकों के कुल मतदान अधिकारों के, दस प्रतिशत से अधिक वोट देने के अधिकार का उपयोग करने के लिए पात्र नहीं होगा।**

  उपर्युक्त के अध्यधीन, प्रत्येक शेयरधारक, जिसे **निर्धारित तारीख** अर्थात **शुक्रवार, 18 सितंबर, 2020** को, शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किया गया है, बैंक के एक शेयरधारक निदेशक के चुनाव में भाग लेने (नामित करने, भाग लेने और वोट करने) का पात्र होगा तथा संबंधित एजेंडे की मद पर **निर्धारित तारीख** को उसके/उनके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिए एक वोट देने का हकदार होगा।

  संबंधित विनियम के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर, दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम से है तो मतदान के संबंध में रजिस्टर में प्रथम नाम के व्यक्ति को, उसका एकमात्र धारक समझा जाएगा। अतः यदि शेयर, संयुक्त धारक के नाम से हैं तो केवल पहले नाम वाले व्यक्ति को, बैठक में उपस्थित होने का हक होगा और वही इस बैठक में नामांकन, चुनाव तथा वोट देने का हकदार होगा।

- **परोक्षी की नियुक्तिः**

  चूँकि बैठक वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है, अतः शेयरधारक सीधे बैठक में शामिल हो सकते हैं तथा वोट कर सकते

हैं तथा उनकी ओर से वोट में शामिल होने के लिए परोक्षी को नियुक्त करने की आवश्यकता नहीं है।

लॉकडाउन के पूरी तरह हटने या लोगों के इकट्ठा होने के प्रतिबंध के हटने पर व यदि बैठक का आयोजन ऑडिटोरियम में किया जाता है तथा शेयरधारक इस बैठक में उपस्थित होते हैं, शेयरधारक अपने परोक्षी (बैंक के कर्मचारियों को छोड़कर) की नियुक्ति कर सकते हैं और उक्त को कंपनी सचिव, बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यालय, स्टार हाउस, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051 को असाधारण आम बैठक के आयोजन की तिथि से 4 दिन पहले अर्थात 17 अक्टूबर, 2020 को या उससे पहले बैंक के कार्यदिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं।

- **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**

  कोई कंपनी या कोई कॉर्पोरेट निकाय, जो बैंक का शेयरधारक है, उसके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति पूर्वोक्त बैठक में उपस्थित रहने या वोट देने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने के संकल्प की प्रति को, जिसे बैठक के अध्यक्ष द्वारा, जिसमें यह पारित किया गया था, को सत्य प्रति के रूप में प्रमाणित नहीं कर दिया गया हो और वह बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, बैंक ऑफ़ इंडिया, प्रधान कार्यालय, स्टार हाउस, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 को या संकल्प की स्कैन प्रति scrutinizer@snaco.net को तथा इसकी प्रतिलिपि को headoffice.share@bankofindia.co.in पर इमेल न किया गया हो तथा असाधारण आम बैठक की तारीख से कम से कम **चार दिन** पूर्व अर्थात **शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020** तक या कार्यालय समय की समाप्ति से पूर्व तक, प्रस्तुत न कर दिया गया हो।

- **उपस्थिति पत्रक-सह-प्रवेश-पत्र पास :**

  चूँकि बैठक वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है, अतः ई.जी.एम. में शामिल होने के लिए किसी उपस्थिति पर्ची की आवश्यकता नहीं है।

  लॉकडाउन के पूरी तरह हटने या लोगों के इकट्ठा होने के प्रतिबंध के हटने पर व यदि बैठक का आयोजन ऑडिटोरियम में किया जाता है तथा शेयरधारक इस बैठक में उपस्थित रहते हैं, शेयरधारकों के लिए उपस्थिति पर्ची सह प्रवेश पास वेन्यू पर उपलब्ध करवाया जाएगा।

- **पते में परिवर्तन :**

  भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे, अपने पंजीकृत पते में यदि कोई परिवर्तन हो, तो उसकी सूचना बैंक के शेयर अंतरण एजेन्ट को निम्नलिखित पते पर दें :-

  बिग शेयर सर्विसिस प्रा. लि.,
  यूनिटः बैंक ऑफ़ इंडिया,
  पहली मंजिल, भारत टिन वर्क्स बिल्डिंग
  वसंत ओएसिस के सामने,
  मरोल, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 059
  टेलि.: 022-62638200, फैक्सः 022-62638299
  ई-मेलः investor@bigshareonline.com

  इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरधारण करने वाले शेयरधारकों से निवेदन है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(टों) को ही, अपने पंजीकृत पते तथा ईसीएस मैन्डेट विवरणों में परिवर्तन, यदि कुछ हो तो, सूचित करें।

व्याख्यात्मक विवरण

निदेशकों का चुनाव :

आपके बैंक ने 25 अक्टूबर, 2017 को, शेयरधारकों में से, केन्द्रीय सरकार से भिन्न, 2 निदेशकों यथा श्री डी. सरकार और श्री डी. हरीश का चुनाव किया है, जिनका कार्यकाल 24 अक्टूबर, 2020 को समाप्त हो रहा है।

चूँकि बैंक की प्रदत्त पूँजी में पब्लिक की शेयरधारिता, 16% से कम हो गयी है, अतः बैंक केवल एक शेयरधारक निदेशक चयनित करने का पात्र है।

25 अक्टूबर, 2020 को होने वाली रिक्ति को भरने के उद्देश्य से आपके बैंक का, गुरुवार 22 अक्टूबर, 2020 को आयोजित की जाने वाली असाधारण आम बैठक में एक शेयरधारक निदेशक का चुनाव करवाने का प्रस्ताव है।

शेयरधारक (केन्द्र सरकार के अतिरिक्त), विभिन्न संबद्ध अधिनियम/योजना/विनियमों/अधिसूचना में दी गई विभिन्न प्रक्रिया के अनुसार अपना नामांकन भेजने के हकदार हैं, जिसके संबंधित अंश यहां सूचित किए गए हैं।

शेयरधारकों द्वारा बैंक को प्रस्तुत नामांकनों की जांच के पश्चात तथा बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति द्वारा उन्हें उचित एवं उपयुक्त पाए जाने पर या बाद में असाधारण आम बैठक में उनके चुनाव के पश्चात, एक निदेशक का चुनाव किया जाएगा। चुने गए निदेशक, दिनांक 25 अक्टूबर, 2020 को पदभार ग्रहण करेंगे और पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्षों की अवधि अर्थात 24 अक्टूबर, 2023 तक के लिए पद पर रहेंगे।

विधिक प्रावधान

निम्नलिखित तालिका में इस संबंध में लागू विभिन्न अधिनियमों/विनियम अधिनियम/ योजनाओं/ विनियमों/ अधिसूचनाओं में दिए प्रावधानों का उल्लेख किया गया है :

अधिनियम/योजना/विनियम/अधिसूचना	प्रावधान	संक्षिप्त ब्यौरे
बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949	धारा 5 (एन-ई) धारा16 (1) धारा 20	➢ पर्याप्त हित ➢ समान निदेशकों पर रोक ➢ अपने किसी निदेशक को या उनकी ओर से ऋण या अग्रिम प्रदान करने पर प्रतिबंध
बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970	धारा 3 (2ई) धारा 9(3)(i) धारा 9(3ए) (ए) से (सी) धारा 9(3एए) धारा 9(3एबी) धारा 9(3बी) धारा 13(2)	➢ वोटिंग अधिकार पर प्रतिबंध ➢ शेयरधारकों द्वारा चुने जानेवाले निदेशकों की संख्या ➢ कुछ क्षेत्रों में विशेष ज्ञान ➢ कोई व्यक्ति निदेशक के रूप में चुने जाने हेतु पात्र तभी होगा जब ट्रैक रिकार्ड के आधार पर वह उचित एवं उपयुक्त हो, ईमानदार हो और ऐसी अन्य शर्तें पूरी करता हो जो आरबीआई द्वारा निर्धारित की जाए। ➢ उक्त अधिनियम की धारा 9(3ए) और 9(3एए) की अपेक्षाओं को पूरा न करने वाले किसी चयनित निदेशक को हटाने का आरबीआई का अधिकार। ➢ ईमानदारी एवं गोपनीयता की बाध्यता।
राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970	खण्ड 9(4) खण्ड 10 खण्ड 11 खण्ड 11A खण्ड 11B खण्ड 12(8)	➢ चुने हुए निदेशकों का कार्यकाल ➢ बैंक के निदेशक के रूप में चुने जाने से अयोग्यता ➢ निदेशक का कार्यालय खाली करना ➢ चुने गए निदेशक को कार्यालय से हटाना ➢ किसी चुने हुए निदेशक के कार्यालय में रिक्ति को भरना ➢ जिन व्यवस्थाओं में निदेशकों का हित है उनमें उनके द्वारा हितों का प्रकटन
बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियमन, 2007 (2008 तक संशोधित)	विनियम 10 विनियम 61 विनियम 63 विनियम 64 विनियम 65 विनियम 66 विनियम 67 विनियम 68 विनियम 69 विनियम 70	➢ संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग ➢ आम बैठकों में मतदान ➢ आम बैठकों में निदेशकों का चुनाव ➢ शेयरधारकों की सूची ➢ चुनाव हेतु उम्मीदवारों का नामांकन ➢ नामांकनों की जांच ➢ चुनाव विवाद ➢ वोटिंग अधिकारों का निर्धारण ➢ विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा मतदान ➢ परोक्षी
आरबीआई/डीबीआर/2019-20/7, मास्टर दिशा-निर्देश डीबीआर/एपीपीटी संख्या:9/ 29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019	बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3एए) और धारा 9(3एबी) के अनुरूप	राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड में चुने गए निदेशकों के उपयुक्त एवं उचित होने हेतु शर्त
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग का संदर्भ फ. सं. 16/83/2013-बीओ.आई दि. 3 सितंबर, 2013 तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर शासकीय निदेशक (एन.ओ.डी.) के चयन हेतु केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्ड, जो 25 मार्च, 2015 और 20 जुलाई 2016 को जारी किए गए थे।		सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर-सरकारी निदेशक (एन. ओ.डी.) की नियुक्ति हेतु केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्ड
आरबीआई मास्टर परिपत्र दिनांक 1 जुलाई, 2014-मास्टर परिपत्र डीबीओडी.नं.डीआईआर. बीसी.10/13.03.00/2015-16 दिनांक 1 जुलाई, 2015		निदेशकों के रिश्तेदारों को ऋण एवं अग्रिम प्रदान करना

शेयरधारकों की सुविधा के लिए अधिनियम, विनियम अधिनियम/योजना/विनियमन और भारतीय रिज़र्व बैंक अधिसूचना संख्या आरबीआई/डीबीआर/2019-20/71, मास्टर दिशा-निर्देश डीबीआर/एपीपीटी सं.: 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 और भारत सरकार के दिशानिर्देश दि. 25 मार्च, 2015 और 20 जुलाई 2016 के संगत उद्धरण को बैंक के वेबसाइट www.bankofindia.co.in पर दिया जाएगा। कंपनी सचिव, बैंक ऑफ़ इंडिया को उनके प्रधान कार्यालय के ईमेल Headoffice.share@Bankofindia.co.in पर नामांकन फार्म जमा करने के लिए निर्धारित अंतिम तारीख अर्थात् **गुरुवार 8 अक्टूबर, 2020** को या उसके पूर्व, कंपनी सचिव को संबोधित निवेदन की प्राप्ति पर, इच्छुक अभ्यर्थी को ऐसे प्रासंगिक अंशों को ईमेल किया जायेगा।

चुनाव में प्रतिभागिता

ऐसे शेयरधारक जिनके नाम **निर्दिष्ट तारीख** अर्थात **शुक्रवार, 18 सितंबर, 2020** को एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा प्रस्तुत सदस्यों/हितकारी मालिकों के रजिस्टर में हों, भाग लेने हेतु पात्र होंगे अर्थात केन्द्र सरकार से भिन्न शेयरधारकों में से निदेशकों के चुनाव में **नामित करने, चुनाव लड़ने और वोट** करने हेतु पात्र होंगे।

(क) **बैंक के निदेशक के रूप में चुने जाने हेतु अर्हताएं :**

संबंधित अधिनियम की धारा 9(3ए) के अनुसार वह उम्मीदवार जो बैंक का शेयरधारक है और अधिनियम की धारा 9(3) (i) के अंतर्गत बैंक का निदेशक बनना चाहता है उसे

- निम्न में से किसी एक अथवा अधिक विषयों में विशेष ज्ञान अथवा व्यावहारिक अनुभव हो :
- कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था
- बैंकिंग
- सहकारिता
- अर्थशास्त्र
- वित्त
- विधि
- लघु उद्योग
- किसी अन्य विषय में विशेष ज्ञान, व्यावहारिक अनुभव जो भारतीय रिज़र्व बैंक की राय में बैंक के लिए उपयोगी हो।

  (आरबीआई ने अपने परिपत्र सं. डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.सं.39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवंबर 2016 के माध्यम से, ऐसे व्यक्तियों जिन पर बैंकों में निदेशकों की नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकता है, के लिए (i) सूचना प्रौद्योगिकी (ii) भुगतान एवं निपटान प्रणाली (iii) मानव संसाधन (iv) जोखिम प्रबंधन एवं (v) कारोबार प्रबंधन शामिल करके विशेषज्ञता के क्षेत्र में विस्तार किया है।
- जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो; या
- किसानों, कामगारों और शिल्पकारों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो।

(**ख**) अधिनियम की धारा 9(3एए) और भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना के अनुसार एक उम्मीद्वार जो शेयरधारक होने के नाते बैंक का निदेशक बनना चाहता है उसे ''उचित एवं उपयुक्त'' स्थिति में होना चाहिए। इसके अतिरिक्त चयनित निदेशक को वचन विलेख निष्पादित करना होगा और इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित किए अनुसार वार्षिक घोषणाएं प्रस्तुत करनी होंगी।

बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने के लिए निर्धारित अयोग्यताएं

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 10 के अनुसार निम्नलिखित तरह का व्यक्ति निदेशक के रूप में निर्वाचित होने और निदेशक बनने हेतु अयोग्य है :

- यदि उसे कभी दिवालिया घोषित किया गया हो या उसने लेनदारों का भुगतान रोके रखा हो या उसने प्रशमन किया हो, या
- यदि अस्वस्थ दिमाग का पाया गया हो और किसी सक्षम न्यायालय ने उसे अस्वस्थ दिमाग वाले व्यक्ति के रूप में घोषित किया हो, या
- यदि किसी नैतिक चरित्रहीनता से जुड़े अपराध में किसी क्रिमिनल न्यायालय ने उसे दोषी ठहराया हो, या
- अधिनियम की धारा 9 की उप धारा 3 के (ई) व (एफ) खंडों के अंतर्गत बैंक के नामित, बैंक के कर्मचारियों में से प्रबंध निदेशक और निदेशकों को सम्मिलित करते हुए पूर्णकालिक निदेशक का पद छोड़कर, यदि वह भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप धारा (1) के अंतर्गत गठित भारतीय स्टेट बैंक अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की

धारा 3 में वर्णित किसी अनुषंगी बैंक में लाभ का पद धारित करता हो, और

- यदि वह भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना संख्या आरबीआई/डीबीआर/2019-20/71 मास्टर निदेश डीबीआर/एपीपीटी सं. 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 02 अगस्त, 2019 के साथ पठित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर-सरकारी निदेशक के रूप में विचार करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार **बैंक के निदेशकों की नामांकन समिति** द्वारा ''उचित एवं उपयुक्त'' व्यक्ति नहीं पाया गया हो।

- **शेयरधारकों की सूची**

  जैसा कि बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियम, 2007 तथा संशोधित के विनियम 64 में बतया गया है, शेयरधारकों की सूची की एक प्रति (हार्ड/सॉफ्ट प्रति) **गुरुवार, दिनांक 01 अक्टूबर, 2020** से बैंक के महाप्रबंधक, वित्त विभाग, प्रधान कार्यालय से बैंक ऑफ इंडिया के पक्ष में मुंबई में देय 1,00,000/- (रुपऐ एक लाख मात्र) एवं उस पर देय कर के भुगतान पर शेयरधारकों द्वारा खरीदारी हेतु उपलब्ध होगी। उक्त सूची को खरीदने के इच्छुक उम्मीदवारों को एक वचन प्रस्तुत करना होगा कि इस सूची का उपयोग चुनाव के प्रचार होतु किया जाएगा तथा अन्य किसी भी उद्देश्य से इसका उपयोग नहीं किया जाएगा।

  शेयरधारकों का रजिस्टर बैंक के प्रधान कार्यालय में शेयरधारकों के रजिस्टर से किसी प्रकार का कोई उद्धरण प्राप्त करने के लिए प्रतियोगियों को सक्षम बनाने के उद्देश्य हेतु सभी कार्य दिवसों में (रविवार और बैंक अवकाश छोड़कर) दोपहर 3.00 से शाम 5.00 बजे तक जांच के लिए उपलब्ध रहेगा। कोविड महामारी की परिस्थिति के कारण, ऐसे शेयरधारक जो शेयरधारकों के रजिस्टर की जांच करने के इच्छुक हैं, उन्हें जांच करने से कम से कम एक दिन पूर्व बैंक के कंपनी सचिव को ईमेल headoffice.share@bankofindia.co.in एवं दूरभाष 022-66684490 पर सूचित करना आवश्यक है। बैंक में आने वाले व्यक्ति बैंक प्रबंधन द्वारा अपेक्षित मैडिकल टेस्ट, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे।

  चुनाव लडने वाले सदस्य ₹ 10/- प्रति 1000 शब्द, या उसके भाग के लिए, की दर पर परिकलित पूर्व भुगतान पर, रजिस्टर के किसी भाग अथवा संबंधित भाग के कंप्यूटर प्रिंट के लिए बैंक को अनुरोध कर सकते हैं।

- **चुनाव हेतु उम्मीदवारों का नामांकन**

  संबंधित विनियम के विनियमन 65 के अनुसार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना आरबीआई/डीबीआर/2019-20/71, मास्टर निर्देश डीबीआर/एपीपीटी सं.:9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 और भारत सरकार,वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा जारी पत्र सं. एफ नं. 16/83/2013-बीओआई दिनांक 3 सितंबर, 2013 के अनुसार और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एनओडी के रूप में चयन हेतु केंद्र सरकार द्वारा 25 मार्च 2015 एवं 20 जुलाई 2016 निर्धारित मानदण्ड (जीओआई दिशानिर्देश) तथा विभिन्न अधिनियमों के अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार निदेशक के चुनाव के लिए उम्मीद्वार का नामांकन वैध होगा, बशर्ते कि :

  - वह बैंक ऑफ़ इंडिया में यथा निर्धारित तारीख **शुक्रवार, 18 सितम्बर, 2020** को, जो चुनाव में सहभागिता करने हेतु **निर्धारित तारीख** है, बैठक की तारीख तक न्यूनतम 100 शेयर रखता है तथा यदि वह चुना जाता है तो बैठक की तिथि तथा अपने कार्यकाल की समाप्ति तक न्यूनतम 100 शेयर रखता है।
  - नामांकन की प्राप्ति की अन्तिम तारीख **गुरुवार, 08 अक्तूबर, 2020** तक की स्थिति के अनुसार, वह अधिनियम/योजना/विनियम/आरबीआई अधिसूचना के अन्तर्गत निदेशक होने से अन-अर्हक (डिस-क्वालीफाइड) नहीं कर दिया जाता/जाती है।
  - नामांकन लिखित में है और अधिनियम के अंतर्गत निदेशक निर्वाचित करने के लिए पात्र कम से कम एक सौ शेयरधारकों अथवा उनके यथाविधि संघटित अटर्नी ने उस पर अपने हस्ताक्षर किये हैं, बशर्ते कि कंपनी के रूप में शेयरधारक होने की स्थिति में नामांकन संबंधित कंपनी के निदेशकों द्वारा संकल्प के रूप में किया जा सकता है। इस तरह से नामांकन करने की स्थिति में जिस बैठक में इस तरह का संकल्प पारित किया जाए उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित संकल्प की प्रतिलिपि बैंक के प्रधान कार्यालय को प्रेषित हो और बैंक के कंपनी सचिव को संबोधित हो तथा इस तरह भेजी गई प्रतिलिपि को कंपनी की ओर से किया गया नामांकन माना जाएगा।
  - नामांकन के साथ घोषणा संलग्न हो जो किसी जज, मजिस्ट्रेट, रजिस्ट्रार या सब-रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस अथवा अन्य राजपत्रित अधिकारी अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक अथवा अन्य किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी द्वारा के विधिवत हस्ताक्षरित हो और यह कि वह नामांकन स्वीकार करता है और चुनाव के लिए खड़ा होने के लिए इच्छुक है और उसे या तो अधिनियम या योजना या विनियमन के अंतर्गत निदेशक होने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया गया है और साथ में विधिवत हस्ताक्षरित उसके व्यक्तिगत ब्यौरे (जीवनवृत्त) संलग्न हों जिसमें यह पुष्टि की गई हो कि ऐसे ब्यौरे उसकी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुरूप सही और एक वचन भी संलग्न हो कि वह घोषणा के पश्चात प्रस्तुत जानकारी से सम्बद्ध ऐसी घटनाओं की पूरी जानकारी बैंक को यथाशीघ्र देगा/देगी।
  - नामांकन फार्म एवं घोषणा फार्म वैसे हैं जैसा कि विनियम द्वारा निर्धारित है तथा प्रोफार्मा के रूप में अनुलग्न हैं। (प्रोफार्मा बैंक की वेबसाइट www.bankofindia.co.in पर उपलब्ध है।)

- बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 अथवा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 अथवा बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर और बैठकें) विनिमय, 2007 (इसके बाद इसे ''विनियम'' कहा जायेगा) और भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना आरबीआई/डीबीआर/2019-20/71, मास्टर निदेश डीबीआर/एपीपीटी सं. :9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 एवं भारत सरकार के दिनांक 25.03.2015 व 20.06.2016 के दिशानिर्देश तथा इसमें किसी भी संशोधन के अंतर्गत, गैर-शासकीय निदेशकों के लिए जैसा लागू है, निदेशक होने के लिए अयोग्य नहीं हैं।

- **नामांकन फार्मों को जमा करना**

केन्द्र सरकार के निदेशों को छोड़कर, शेयरधारकों के बीच से बैंकों के निदेशकों का चुनाव लड़ने के इच्छुक शेयरधारकों को निम्नलिखित कागजात जमा करना है-

- विधिवत् भरा गया घोषणा फॉर्म;
- चुनाव में भाग लेने के लिए पात्र शेयरधारकों में से न्यूनतम 100 का नामांकन;
- सूचना के साथ संलग्न प्रारूपों में संबंधित दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों अर्थात् आत्म-विवरण की स्व-अभिप्रमाणित प्रतियाँ, शैक्षणिक योग्यताओं के प्रमाणपत्र, अनुभव आदि सहित व्यक्तिगत जानकारी, घोषणा एवं वचनबद्धता, एक पृथक् मुहरबंद लिफाफे में कंपनी सचिव को संबोधित, बैंक के प्रधान कार्यालय, स्टार हाउस, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051 के पते पर असाधारण बैठक के कम से कम 14 दिन पहले किसी कार्य दिवस को अर्थात् **08 अक्तूबर 2020, गुरुवार को शाम 5.00 बजे तक** या उससे पहले दी जाये।

कथित नामांकन फॉर्म एवं अन्य दस्तावेज सभी प्रकार से पूर्ण हों, अन्यथा नामांकन स्वीकार नहीं किये जा सकते हैं।

- **नामांकनों की जाँच एवं निदेशकों का चुनाव**
  - नामांकनों की प्राप्ति के लिए निर्धारित तारीख के अगले प्रथम कार्य दिवस को, अर्थात् **शुक्रवार 09 अक्तूबर 2020** को बैंक के द्वारा नामांकनों की जाँच की जायेगी और यदि कोई नामांकन वैध नहीं पाया जाता है तो उसे उसके वैध न पाये जाने के कारणों को दर्ज करने के पश्चात् रद्द कर दिया जायेगा।
  - वैध नामांकन, आरबीआई अधिसूचना तथा भारत सरकार के दिशानिर्देशों की शर्तों के अनुसार बोर्ड की नामांकन एवं परिश्रमिक समिति (एनआरसी) की जाँच के अध्यधीन हैं।
  - नामांकन की जाँच प्रक्रिया के समय या बोर्ड की एनआरसी के द्वारा यथा सूचित, अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में उम्मीदवार से बैंक अतिरिक्त जानकारी, दस्तावेज आदि माँग सकता है।
  - यदि चुनाव द्वारा भरी जाने वाली उक्तरिक्ति के लिए केवल एक वैध नामांकन हो तो यथा नामांकित उम्मीदवार को उसी समय से चयनित माना जायेगा और उनका नाम तथा पता उक्त प्रकार से चयनित प्रकाशित किया जायेगा। ऐसी स्थिति में असाधारण आम बैठक आयोजित नहीं की जाएगी। नव निर्वाचित निदेशक 25 अक्तूबर 2020 को कार्यभार ग्रहण करेंगे।
  - यदि एक वैध नामांकन से अधिक नामांकन हो तो चुनाव आयोजित किया जायेगा और चुनाव में बहुमत प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को चुनाव में विजयी माना जायेगा और उसका नाम समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जायेगा। साथ ही बैंक की वेबसाइट पर डाला जाएगा एवं स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचना दी जाएगी।

- **ईजीएम में रिमोट - ई वोटिंग तथा वोटिंग**

यदि बैठक में चुनाव होता है तो वह ई-वोटिंग तथा वोटिंग के माध्यम से होगा।

रिमोट-ई वोटिंग के अनुदेश तथा उनका विवरण इस नोटिस के अनिवार्य अंग हैं तथा नोटिस के साथ अनुलग्न हैं।

चुनाव की पूरी प्रक्रिया बैंक के द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूरी की जायेगी। उक्त उद्देश्य के लिए बैंक द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी निष्पक्ष सलाहकार (जांचकर्ता) होंगे। यह प्रक्रिया केन्द्र सरकार द्वारा नामांकित व्यक्ति की देखरेख में होगी जो पर्यवेक्षक का कार्य करेंगे।

- **22 अक्टूबर, 2020 को चुनाव प्रक्रिया**

निदेशकों के चुनाव के लिए वोटिंग ई-वोटिंग के द्वारा की जायेगी। इस संबंध में बैठक के अध्यक्ष के द्वारा घोषणा के तुरंत बाद वोटिंग आरंभ होगी तथा अपराह्न 12.30 बजे तक जारी रहेगी। वोटों की संख्या शुक्रवार, 18 सितंबर 2020 को उनके द्वारा रखे गये शेयरों की संख्या के आधार पर होगी।

वोटों की गिनती उसके बाद की जायेगी तथा बैठक के अध्यक्ष या बैंक के द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी के द्वारा परिणामों की घोषणा की जायेगी।

- **नामांकन वापस लेना**

  यदि कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहता है तो वह बैंक की कार्य अवधि की समाप्ति अर्थात् शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2020, शाम 5.00 बजे से पूर्व किसी भी समय पत्र या मेल भेजकर अपना नामांकन वापस ले सकता है।

- **विवाद**

  यदि कोई विवाद होता है तो उसका निपटारा बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 2007 के विनियम 67 के अनुसार किया जायेगा।

- **उद्धरण**

  शेयरधारकों की सुविधा के लिए लागू अधिनियम/योजना/विनियम/अधिसूचना के प्रासंगिक भाग अनुलग्नक में दर्शाये गये हैं।

- **निदेशकों का हित**

  शेयरधारिता की सीमा तक बैंक के निदेशकों तथा ऐसे निदेशक जिन्होंने अपना नामांकन दर्ज किया है, उन्हें कारोबार के पूर्वोक्त मदों में हित तथा संबंध रखने वाले माना जायेगा।

निदेशक बोर्ड के आदेश से

हस्ता/-

स्थान : मुंबई
दिनांक : 18 सितम्बर, 2020

(ए. के. दास)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

निदेशकों का चुनाव - प्रासंगिक अधिनियमों, योजना तथा विनियमों आदि के उद्धरण

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 के खंड 9 (3) (i) के अनुसरण में अधिनियम की धारा 3 के उप-धारा (2बी) के खंड (सी) के अंतर्गत जारी पूंजी के अनुरूप शेयरधारक निदेशक नियुक्त किए जाएंगे।

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन तथा विविध प्रावधान) अधिनियम, 1970 तथा बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर तथा बैठकें) अधिनियम, 2007 के प्रासंगिक विनियमों को क्रमशः शेयरधारकों की सूचना के लिए नीचे दर्शाया गया है।

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949

''प्रयाप्त हित'' - खंड 5 (एनई)

(i) कंपनी के संबंध में इसका अर्थ है कंपनी के शेयरों में किसी व्यक्ति या उसकी पत्नी/पति या नाबालिग बच्चे, या तो अकेले या साथ मिलकर लाभार्थी के रूप में अपना हित धारण करना। इस संबंध में भुगतान राशि 5 लाख रुपया या कंपनी प्रदत्त पूंजी का 10 प्रतिशत इस दोनों में जो भी कम हो, होनी चाहिए;

(ii) फार्म के संबंध में इसका अर्थ है किसी व्यक्ति या उसकी पत्नी/पति या नाबालिग बच्चों के द्वारा फर्म में लाभार्थी के रूप में अपना हित रखना जो संबंधित फार्म के सभी भागीदारों द्वारा कुल अभिदत्त पूंजी का 10 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए;

सामान्य निदेशकों की निषेधाज्ञा - धारा 16(1)

भारत में किसी भी बैंकिंग कंपनी के निदेशक मंडल में ऐसे निदेशक नहीं रहेंगे जो किसी अन्य बैंकिंग कंपनी के निदेशक हैं।

ऋण तथा अग्रिम पर प्रतिबंध - धारा 20

1. कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के खंड 77 में विहित कुछ भी विपरीत के बावजूद, कोई बैंककारी कंपनी -

   क) अपने शेयर के प्रतिभूति पर कोई ऋण या अग्रिम प्रदान नहीं करेगी, अथवा

   ख) निम्नलिखित की ओर से किसी ऋण या अग्रिम प्रदान करने के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं की जानी चाहिए -

      (i) कंपनी का कोई निदेशक

      (ii) कोई ऐसा फर्म जिसमें इसके निदेशक भागीदार, प्रबंधक, कर्मचारी अथवा गारंटीकर्ता के रूप में हित रखते हों, अथवा

      (iii) बैंककारी अधिनियम, 1956 के खंड 25 के अंतर्गत कोई पंजीकृत कंपनी या बैंककारी कंपनी का कोई कंपनी अनुषंगी न हो अथवा कंपनी या अनुषंगी अथवा एक सरकारी कंपनी में बैंककारी कंपनी का कोई निदेशक, प्रबंधन एजेंट, प्रबंधक, कर्मचारी या गारंटीकर्ता अथवा जिसमें बहुत अधिक हित रखते हों अथवा

      (iv) कोई व्यक्ति जिससे इसके निदेशक एक भागीदार या गारंटीकर्ता हो।

2. अगर किसी बैंकिंग कंपनी द्वारा मंजूर ऋण या अग्रिम इस प्रकृति का है कि जिस दिन ऋण या अग्रिम प्रदान किया गया था उस तिथि को उप धारा (1) के खण्ड (ख) के लागू होने की स्थिति में उसे मंजूर करने का वचन नहीं दिया जा सकता था अथवा वह किसी बैंकिंग कंपनी द्वारा बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 1968 (1968 का 58) के आरंभ होने के उपरांत किंतु ऐसे प्रारंभ के पूर्व हुई वचनबद्धता के अनुसरण में मंजूर किया गया हो तो बैंकिंग कंपनी को मूल रकम पर देय ब्याज, यदि कोई हो, सहित ऋण या अग्रिम देते समय निर्धारित अवधि के भीतर या जहां ऐसी कोई अवधि निर्धारित न की गई हो वहां उक्त धारा 5 के प्रारंभ से एक वर्ष पूरा होने के पूर्व, वसूली हेतु उपाय किये जाने चाहिए।

   बशर्ते भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकिंग कंपनी द्वारा इस संदर्भ में उसके पास किये गये लिखित आवेदन पर किसी मामले में ऋण या अग्रिम की वसूली अवधि को ऐसी तिथि तक बढ़ा सकता है जो उपर्युक्त धारा 5 के प्रारंभ होने से तीन वर्ष से अधिक की अवधि की तिथि न हो। यह विस्तार ऐसी शर्तों एवं निबंधनों के अधीन होगा जिन्हें रिज़र्व बैंक उचित समझे।

   इसके अतिरिक्त यह भी शर्त है कि यह उप धारा संबंधित निदेशक द्वारा चाहे वह मृत्यु, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र या अन्य किसी कारण से बैंकिंग कंपनी के निदेशक का पद रिक्त करने पर लागू नहीं होगी।

3) उप धारा (2) या उसके किसी भी भाग में उल्लिखित कोई भी ऋण या अग्रिम रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन के बिना प्रेषित नहीं किया जाएगा तथा ऐसे अनुमोदन के बिना की गई कोई भी छूट/माफी अमान्य एवं अप्रभावी होगी।

4) जहां उप धारा 2 में संदर्भित कोई ऋण या अग्रिम किसी भी व्यक्ति द्वारा देय हो तो उक्त उप धारा में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर बैंकिंग को चुकौती न किये जाने की स्थिति में ऐसे व्यक्ति को, यदि वह बैंकिंग कंपनी का निदेशक है, उक्त अवधि की समाप्ति की तिथि को ऐसा होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि जैसे उसने उक्त तिथि को अपना पद रिक्त कर दिया हो।

इस धारा में व्याख्या :

- ''ऋण या अग्रिम'' में कोई भी ऐसा लेन-देन शामिल नहीं होगी जिसे रिज़र्व बैंक लेन-देन के स्वरूप, उक्त लेन-देन के कारण देय होने वाली किसी भी रकम की वसूली के संभाव्य समय एवं उसकी विधि तथा परिस्थितियों, जमाकर्ताओं के हितों और प्रासंगिक प्रतिफलों पर विचार करते हुए इस धारा के प्रयोजन हेतु ऋण या अग्रिम न होने का सामान्य या विशेष आदेश के द्वारा उल्लेख कर सके।
- ''निदेशक'' से तात्पर्य है, प्रबंध करने के उद्देश्य से अथवा प्रबंधन हेतु सभी या उसके किसी कार्य के संबंध में सलाह देने के उद्देश्य से भारत में बैंकिंग कंपनी द्वारा गठित किसी मण्डल या समिति का सदस्य।

5) अगर ऐसा कोई प्रश्न उठता है कि क्या कोई लेन-देन ऋण या अग्रिम है, तो इस धारा के प्रयोजन हेतु मामला भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रेषित किया जाएगा और उस पर उसका निर्णय अंतिम होगा।

2. बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970

मताधिकार को सीमित करना

धारा 3(2ई) केन्द्रीय सरकार को छोड़कर कोई भी शेयरधारक बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मताधिकार के दस प्रतिशत से अधिक उनके द्वारा धारित किसी शेयर के संबंध में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पात्र नहीं होगा।

निदेशक मंडल का संगठन

धारा 9(3)(i)जहाँ धारा 3 की उप धारा (2ख) के खंड (ग) के अंतर्गत निर्गमित पूंजी :

(I) कुल प्रदत्त पूंजी के सोलह प्रतिशत से अधिक नहीं हो, तो एक निदेशकः

(II) कुल प्रदत्त पूंजी के सोलह प्रतिशत से अधिक परंतु बत्तीस प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो, तो दो निदेशक।

(III) कुल प्रदत्त पूंजी के बत्तीस प्रतिशत से अधिक हो, तो केन्द्र सरकार को छोड़कर, तीन निदेशक अन्य शेयरधारकों द्वारा अपने बीच में से निर्वाचित किए जाएंगे।

बशर्ते कि इस खंड के तहत ऐसे किसी निदेशक के निर्वाचन के उपरांत उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लेने पर, खंड (एच) के अंतर्गत जितने निदेशक नामांकित हैं उतने निदेशक इस योजना में यथा निर्दिष्ट तरीके से सेवानिवृत्त होंगे।

आगे बशर्ते कि यदि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) और वित्तीय संस्थाएं कानून (संशोधन) अधिनियम, 2006 के आरंभ होने पर अथवा उससे पहले, अनुरूप नए बैंक में निर्वाचित निदेशकों की संख्या उप-खण्ड (I) अथवा उप-अण्ड (II) अथवा उप-खण्ड (III), जैसा भी मामला हो, में निर्दिष्ट निदेशकों की संख्या से अधिक हो तो ऐसे अधिक संख्यक निदेशक जो यह कानून आरंभ होने के पूर्व निर्वाचित हुए हैं इस तरह से सेवानिवृत्त होंगे जैसा इस योजना में निर्दिष्ट किया गया है और ऐसे निदेशक उनके कार्यकाल के समय से पूर्व सेवानिवृत्ति के लिए किसी भी क्षतिपूर्ति दावे के हकदार नहीं होंगे।

धारा 9(3क) उक्त खंड (आई) के अंतर्गत निर्वाचित किए जाने वाले निदेशक -

(क) निम्नलिखित विषयों में से एक या एक से अधिक के सम्बंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले होंगे :-

i) कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था,

ii) बैंकिंग

iii) सहकारिता

iv) अर्थशास्त्र

v) वित्त

vi) विधि

vii) लघु उद्योग

viii) * अन्य कोई विषय जिसमें विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव जो भारतीय रिज़र्व बैंक की राय में अनुरूप नए बैंक के लिए उपयोगी हो।

* (आरबीआई ने अपने परिपत्र संख्या डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.एनओ.39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवम्बर, 2016 के माध्यम से (i) सूचना प्राद्योगिकी (ii) भुगतान एवं निपटान प्रणाली (iii) मानव संसाधन (iv) जोखिम प्रबंधन एवं (v) व्यवसाय प्रबंधन को शामिल करने के लिए विशेषज्ञता के क्षेत्रों को विस्तार दिया है जिससे बैंकों में निदेशक की नियुक्ति हेतु ऐसे व्यक्तियों पर भी विचार किया जा सके)

(ख) जमाकर्ताओं के हित का प्रतिनिधित्व करता हो; अथवा

(ग) किसानों, कामगारों और कारीगरों के हित का प्रतिनिधित्व करता हो।

धारा 9 (3कक): उप धारा 3(क) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना और इस अधिनियम अथवा प्रचलित कानून में अन्य बातों के होते हुए भी बैंक निदेशक बनने के इच्छुक किसी उम्मीदवार को उप धारा 3 के खण्ड (आई) के अधीन इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी ट्रैक रिकॉर्ड, सत्यनिष्ठा और अन्य मानदंडों के अनुसार ''उचित एवं उपयुक्त'' स्थिति में होना चाहिए।

धारा 9 (3कख) : भारतीय रिज़र्व बैंक उप धारा 3(कक) के अंतर्गत जारी अधिसूचना में ''उचित एवं उपयुक्त'' स्थिति का निर्धारण करने वाले प्राधिकारी, ऐसे निर्धारण का तरीका, ऐसे निर्धारण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और ऐसे अन्य विषय जो इस संबंध में आवश्यक अथवा प्रासंगिक हो सकते हैं, को भी विनिर्दिष्ट कर सकता है।

धारा 9 (3ख) : जहां भारतीय रिज़र्व बैंक की राय में बैंक की उप धारा (3) के खण्ड (आई) के अंतर्गत निर्वाचित कोई निदेशक उप धारा (3क) और (3कक) की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है, तो वह ऐसे निदेंशक तथा बैंक को सुनवाई का उचित अवसर देने के बाद आदेश द्वारा ऐसे निदेशक को हटा सकता है और इस प्रकार हटाए जाने पर, निदेशक मंडल उप धारा (3क) और (3कक) की अपेक्षाओं को पूरा करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को, अनुरूप नए बैंक के शेयरधारकों द्वारा अगली वार्षिक आम बैठक में किसी निदेशक के निर्वाचित होने तक, ऐसे हटाए गए व्यक्ति के स्थान पर निदेशक के रूप में सहयोजित करेगा और यह मान लिया जाएगा कि ऐसा सहयोजित व्यक्ति उक्त बैंक के शेयरधारकों द्वारा निदेशक के रूप में विधिवत निर्वाचित है।

निष्ठा एवं गोपनीयता का दायित्व :

धारा 13 (2): प्रत्येक निदेशक, स्थानीय बोर्ड या किसी समिति के सदस्य या लेखापरीक्षक, सलाहकार, अधिकारी या अनुरूप नए बैंक का अन्य कर्मचारी अपना पदभार ग्रहण करने से पहले तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रारूप में निष्ठा एवं गोपनीयता की घोषणा करेगा।

3. राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970

निर्वाचित निदेशक का सेवाकाल

खण्ड 9(4) :

निर्वाचित निदेशक तीन वर्ष के लिए पद पर रहेगा और पुनर्निर्वाचन के लिए पात्र होगा। बशर्ते ऐसा कोई भी निदेशक लगातार छः वर्ष से अधिक अवधि के लिए पदधारिता नहीं करेगा।

निदेशकों की अयोग्यता

खण्ड 10

किसी व्यक्ति को निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने तथा निदेशक बनने से अयोग्य ठहराया जाएगा : -

1) यदि वह किसी समय दिवालिया करार कर दिया गया हो या उसने लेनदारों का भुगतान रोके रखा या प्रशमन किया हो, या

2) यदि वह अस्वस्थ दिमाग का पाया गया हो और किसी सक्षम न्यायालय ने इस बाबत घोषणा की हो; या

3) यदि उसे फौजदारी न्यायालय द्वारा किसी नैतिक चरित्रहीनता से जुड़े अपराध में दोषी ठहराया गया हो; या

4) यदि वह किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अंतर्गत लाभ का पद धारण करता हो या भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप धारा (1) के अन्तर्गत गठित भारतीय स्टेट बैंक अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक (सहायिकी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में वर्णित किसी सहायिकी बैंक में लाभ का पद धारित करता है, किन्तु अपवादस्वरूप, वह अधिनियम की धारा 9 की उप धारा 3 के खंड (ई) एवं (एफ) के अन्तर्गत बैंक के कर्मचारियों में से नामित प्रबंध निदेशक और निदेशकों को सम्मिलित करते हुए पूर्णकालिक निदेशक का पद धारित कर सकता है।

निदेशक के पद का रिक्त होना

खण्ड 11

1. यदि कोई निदेशक खण्ड 10 में विनिर्दिष्ट किन्हीं निरर्हताओं के अधीन आ जाता है या बोर्ड से अनुमति लिए बिना लगातार तीन से अधिक बैठकों में अनुपस्थित रहता है तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने अपना पद रिक्त कर दिया है और तदुपरांत वह पद रिक्त हो जाएगा।

2. अधिनियम की धारा 9 की उप धारा (3) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) या खण्ड (घ) में संदर्भित प्रबंध निदेशक अथवा निदेशक सहित अध्यक्ष अथवा पूर्णकालिक निदेशक सहित केन्द्रीय सरकार को लिखित रूप में सूचना देकर अपना पद त्याग सकता है और ऐसा

त्याग पत्र केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत होने पर यह माना जाएगा कि पद रिक्त हो गया है, और कोई अन्य निदेशक लिखित रूप में केन्द्रीय सरकार को लिखित सूचना देकर अपना पद त्याग सकता है और ऐसा त्यागपत्र केन्द्रीय सरकार द्वारा इसकी सूचना प्राप्ति से प्रभावी होगा।

3. उपर्युक्त उप-धारा के किसी भी प्रावधान पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, अधिनियम की धारा 9 की उपधारा 3 के खण्ड (ई) अथवा खण्ड (एफ) में उल्लेखित निदेशक का पद तभी रिक्त हो जाएगा जब उस निदेशक का कामगार अथवा कोई कर्मचारी रहना समाप्त हो जाता है इसमें राष्ट्रीयकृत बैंक जिसका वह निदेशक है का कामगार रहना शामिल नहीं है।

4. जहां निर्वाचित निदेशक के अलावा निदेशक के पद की कोई रिक्ति हो जाती है, तो वह अधिनियम की धारा 9 की उप धारा (3) के अनुसार भरी जाएगी।

निर्वाचित निदेशक को पद से हटाना

खण्ड 11क :

केन्द्रीय सरकार को छोड़कर अन्य शेयरधारक ऐसे सभी शेयरधारकों द्वारा धारित कुल शेयर पूंजी का कम से कम आधा भाग धारित करने वाले शेयरधारकों के बहुमत से प्रेरित संकल्प द्वारा धारा 9 की उप धारा (3) के खण्ड (आई) के तहत निर्वाचित किसी निदेशक को हटा सकते हैं और उसके स्थान पर रिक्ति को भरने हेतु दूसरे व्यक्ति को निर्वाचित कर सकते हैं।

निर्वाचित निदेशक के पद की रिक्ति का भरा जाना

खण्ड 11ख

1) जहां किसी निर्वाचित निदेशक के कार्यकाल की अवधि की समाप्ति से पहले कोई रिक्ति होती है, तो रिक्ति निर्वाचन द्वारा भरी जाएगी।

बशर्ते कि जहां रिक्ति की अवधि छह महीने से कम रहने की संभावना है वहां शेष निदेशकों द्वारा उक्त रिक्ति भरी जाए।

2) उपखण्ड (1) के अंतर्गत निर्वाचित या सहयोजित व्यक्ति, जैसा भी मामला हो, अपने पूर्वाधिकारी के कार्यकाल की शेष अवधि के लिए पदग्रहण करेगा।

निदेशकों द्वारा हितों का प्रकटन

खंड 12(8)

राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा या उसकी ओर से की गई या प्रस्तावित किसी संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संबंध या हित रखने वाला कोई निदेशक संबंधित परिस्थितियों का ज्ञान होने के बाद यथाशीघ्र वह बोर्ड को अपने हित का स्वरूप घोषित करेगा और जब तक कोई सूचना प्राप्त करने के लिए अन्य निदेशकों द्वारा उसकी उपस्थिति की अपेक्षा नहीं की जाएगी तब तक वह ऐसी संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव पर चर्चा करते समय बोर्ड की बैठक में उपस्थित नहीं होगा और इस तरह ऐसा कोई निदेशक उपस्थित रहने पर ऐसी संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव पर मतदान नहीं करेगा।

बशर्ते कि इस उप खण्ड में दी गई कोई भी बात ऐसे निदेशकों पर मात्र इसलिए लागू नहीं होगी कि वह

(i) कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) में यथा परिभाषित किसी सार्वजनिक कंपनी में या भारत में तत्समय लागू किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी निगम या किसी सहकारी समिति में, जिसके साथ या जिससे उक्त राष्ट्रीयकृत बैंक ने कोई संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव किया हो या करने का प्रस्ताव रखता हो, प्रदत्त पूंजी का दो प्रतिशत से कम धारण करने वाला शेयरधारक (निदेशक के अलावा) है या

(ii) राष्ट्रीयकृत बैंक का अधिकारी या अन्य कर्मचारी है, यदि वह अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (3) के खण्ड (ई) या (एफ) के अधीन निदेशक है।

IV. बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 2007

सयुंक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग

विनियम 10:

किसी शेयर के दो या अधिक व्यक्तियों के नाम पर होने की स्थिति में, शेयर के अंतरण के मामले को छोड़कर, मतदान करने, लाभांश प्राप्त करने, नोटिस का निष्पादन करने और बैंक ऑफ इंडिया से संबंधित अन्य सभी या किन्हीं मामलों में प्रथम नामधारक को उसका एकल धारक समझा जाएगा।

निदेशकों का चयन आम सभा में होगा

विनियम 63

(i) अधिनियम की धारा 9 की उपधारा 3 के खण्ड (i) के अनुसार निदेशक का चयन केन्द्र सरकार के अलावा पंजीकृत शेयरधारकों द्वारा बैंक ऑफ इंडिया की आम सभा में उनके बीच में से ही किया जाएगा।

(ii) जहाँ किसी निदेशक का चयन आम सभा में किया जाना है, इस आशय की सूचना आम सभा बुलाने की सूचना में दी जाएगी। इस प्रकार के प्रत्येक नोटिस में चुने जाने वाले निदेशकों की संख्या तथा रिक्तियां जिनके संबंध में चुनाव किया जाना है, उनके विवरण विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

शेयरधारकों की सूची

विनिमय 64

(i) इन विनियमों के विनियम 55 के उप-विनियम (i) के अंतर्गत निदेशक के चुनाव के लिए रजिस्टर में उन शेयरधारकों की एक सूची तैयार की जाएगी जिसके द्वारा निदेशक का चुनाव किया जाना है।

(ii) इस सूची में शेयर धारकों के नाम, उनके पंजीकृत डाक पते, उनके द्वारा धारित शेयरों की संख्या तथा उनके शेयरों के पंजीकृत किए जाने की तारीख तथा चुनाव किए जाने की निर्धारित तारीख को, जिसको बैठक होने वाली है, उनके मतों की संख्या आदि शामिल होंगे और आवेदन पर इस सूची की प्रतियां निदेशक बोर्ड या प्रबंधन समिति द्वारा तय किए जाने वाले मूल्य पर प्रधान कार्यालय में बिक्री के लिए निर्धारित तारीख से कम से कम तीन सप्ताह पूर्व उपलब्ध होनी चाहिए।

चुनाव के लिए प्रत्याशियों का नामांकनः

विनिमय 65

(i) निदेशक के रूप में चुनाव हेतु किसी भी प्रत्याशी का कोई भी नामांकन तब तक विधिमान्य नहीं होगा, जब तक कि

(क) वह बैंक ऑफ इंडिया के कम से कम 100 (एक सौ) शेयरों का शेयरधारक न हो।

(ख) उसे अधिनियम के अंतर्गत अथवा योजना के अंतर्गत नामांकन प्राप्त होने की अंतिम तारीख तक निदेशक होने के लिए अयोग्य घोषित न किया गया हो।

(ग) उसने अपने नाम पर धारित चाहे संयुक्त रूप से अन्य के साथ या एकल नाम पर बैंक के सभी शेयरों की मांग राशियों का निर्धारित तारीख के पहले भुगतान न कर दिया हो।

(घ) नामांकन लिखित होना चाहिए और अधिनियम के अंतर्गत निदेशक चुनने के लिए पात्र कम से कम 100 शेयरधारकों अथवा उनके विधिवत नियत अटॉर्नी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए बशर्ते कि कोई शेयरधारक जो एक कंपनी है, के द्वारा किया गया नामांकन उसके निदेशकों द्वारा पारित संकल्प के तहत किया जाए और जहां ऐसा किया गया हो वहाँ पर बैठक के अध्यक्ष द्वारा संकल्प की प्रति को सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित करके इसकी एक प्रति बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रधान कार्यालय को भेज दी जानी चाहिए और इस प्रति को उस कंपनी की ओर से किया गया नामांकन माना जाएगा।

(ड.) नामांकन के साथ न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, अश्योरेंसेज़ के रजिस्ट्रार अथवा उप रजिस्ट्रार या अन्य राजपत्रित अधिकारी या भारतीय रिज़र्व बैंक के अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी के सामने हस्ताक्षरित की गई यह घोषणा संलग्न अथवा शामिल होनी चाहिए कि वह नामांकन स्वीकार करता है और चुनाव के लिए खड़ा होना चाहता है और यह कि उसे अधिनियम अथवा योजना अथवा इन विनियमों के अंतर्गत निदेशक चुने जाने के लिए अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

(ii) कोई भी नामांकन तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि यह इससे संबंधित सभी दस्तावेजों के साथ प्रत्येक दृष्टिकोण से पूर्ण रूप में बैंक के प्रधान कार्यालय में बैठक के लिए तय तारीख से कम से कम 14 दिन पहले प्राप्त न हो जाए।

नामांकनों की संवीक्षा (जांच):

विनियम 66:

(i) नामांकनों की जांच नामांकनों के प्राप्त होने की निर्धारित तारीख के आगामी प्रथम कार्य-दिवस को की जाएगी और यदि किसी नामांकन को विधिमान्य नहीं पाया जाता है तो उसे निरस्त कर दिया जाएगा और निरस्त करने का कारण दर्ज किया जाएगा। यदि चुनाव द्वारा भरी जाने वाली किसी विशिष्ट रिक्ति के लिए केवल एक ही वैध नामांकन होता है तब इस प्रकार से नामित व्यक्ति को तुरन्त चुना गया मान लिया जाएगा और उसका नाम और पता इस प्रकार से चुने जाने के लिए प्रकाशित किया जाएगा। इस प्रकार की स्थिति में इस आशय के लिए बुलाई गई बैठक में कोई चुनाव नहीं होगा और यदि बैठक पूर्ण रूप से उपर्युक्त चुनाव के लिए ही बुलाई गई हो तो वह रद्द हो जाएगी।

(ii) ऐसी स्थिति में जब चुनाव हो रहा हो तथा जब विधिमान्य नामांकनों की संख्या चुने जाने वाले निदेशकों से अधिक हो तो वह प्रत्याशी जिसे बहुमत प्राप्त होगा उसे चुना हुआ माना जाएगा।

(iii) वह निदेशक जिसका चयन किसी मौजूदा रिक्ति को भरने के लिए किया गया है उसने अपना पदभार उस तारीख से संभाल लिया माना जाएगा जिस तारीख को उसका चयन किया गया अथवा जिस तारीख से उसका चुनाव किया गया माना गया है।

चुनाव-विवाद

विनिनयम 67:

